## Headline

1. Twitter: 'भारत में ट्विटर बंद करने की धमकी मिली थी', किसान आंदोलन को लेकर जैक डोर्सी ने सरकार पर लगाए आरोप
2. DGCA: इंडिगो फ्लाइट की लैंडिंग के दौरान टला बड़ा हादसा, जमीन से टकराया विमान का पिछला हिस्सा
3. बर्बरता: महिला ने की मां की हत्या, शव को सूटकेस में भरा और पहुंच गई पुलिस थाने, बोली- मार दिया
4. UP: कानपुर में PWD के जूनियर इंजीनियर की कार ने सड़क से 40 फीट दूर बैठे तीन बुजुर्गों को रौंदा, तीनों की मौत
5. Darbhanga AIIMS : भाजपा सांसद बोले- एम्स को अटकाने का कुचक्र कर रहे नीतीश कुमार
6. Biparjoy Cyclone: गुजरात से टकराने से पहले ही कमजोर पड़ा बिपरजॉय चक्रवात, मौसम विभाग का अलर्ट जारी
7. SIPRI की रिपोर्ट: भारत ने एक साल में परमाणु जखीरे में किया इजाफा, इस खास तरह के हथियारों पर सेना का जोर


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 334 | इंदौर, मंगलवार 13 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# सतपुड़ा भवन के 6वें फ्लोर में फिर भड़की आग

## चार फ्लोर में रखी 12 हजार फाइल खाक; सीएम ने बुलाई रिव्यू बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल में मध्यप्रदेश सरकार के दूसरे सबसे बड़े सतपुड़ा भवन में सोमवार शाम 4 बजे लगी आग मंगलवार सुबह 9.25 बजे फिर भड़क उठी। 6वें फ्लोर के एसी डक से आग की लपटें उठने लगीं। मंगलवार सुबह 8 बजे तक टीम ने आग पर काबू पा लिया था, लेकिन 6वें फ्लोर से धुआं उठ रहा है। इसी फ्लोर में फिर आग लगी है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर गठित अफसरों की टीम भी सतपुड़ा भवन में जांच के लिए पहुंची। जांच दल के सदस्य् रष्टस् होम राजेश राजौरा ने कहा, 'प्रारंभिक जायजा लिया है। अभी आग लगने के कारणों पर कुछ कहना जल्दबाजी होगा। सभी मंजिलों पर आग पर काबू पा लिया गया है। 6वीं मंजिल पर धुआं निकल रहा है। हम दोपहर 1 बजे से अपनी जांच शुरू करेंगे।'

भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है, 'हमारी प्राथमिकता थी कि कोई जनहानि न हो और आसपास के इलाकों में आग न फैले। मुख्यमंत्री ने पूरे समय इस घटना की मॉनिटरिंग की। केंद्र सरकार से आर्मी की भी मदद ली गई। सभी एजेंसीज - आर्मी, सीआईएसएफ, भेल, एयरपोर्ट अथॉरिटी के प्रयासों से आग काबू में है।'

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस में घटना को लेकर रिव्यू बैठक बुलाई है। सोमवार रात गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

सरकार का अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी और एसी के कंप्रेसर में ब्लास्ट होने से फैलती गई। पूरे ऑफिस में 30 से ज्यादा एसी कंप्रेसर में ब्लास्ट हुए हैं। आग बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से शुरू हुई और छठी मंजिल तक पहुंच गई थी। जब आग लगी, तब बिल्डिंग में करीब 1000 लोग थे। भगदड़ में कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इन 4 मंजिलों में रखी 12 हजार से ज्यादा फाइलें खाक हो चुकी हैं। इनमें ज्यादातर फाइलें चिकित्सा विभाग से संबंधित थीं।

### एयरफोर्स से भी मांगी गई थी मदद

नगर निगम, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम आग को काबू करने में मंगलवार सुबह पांच बजे कुछ हद तक सफल हो गई थी, लेकिन आग को पूरी तरह नहीं बुझा पाई। सुबह 6 बजे सतपुड़ा भवन के पश्चिमी ब्लॉक के पिछले टॉवर से आग की लपटें रुक-रुककर उठ रही थीं। सतपुड़ा भवन की चौथी, पांचवीं और छठवीं मंजिल पर लगी आग को बुझाने लगातार पानी डाले जाने के बाद भी धुएं का गुबार उठता रहा। मौके पर दमकल के करीब 50 वाहन, पानी के करीब 500 टैंकर थे। 16 घंटे बाद इस आग पर काबू पाया जा सका। सरकार ने एयरफोर्स से भी मदद मांगी, लेकिन नहीं मिल सकी।

### ● सीएम ने केंद्र से मदद मांगी

सोमवार रात आग बुझाने की कोशिशें नाकाम होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से एयरफोर्स की मदद मांगी। बताया गया कि रात में ही रह 32 विमान और रूद्ध-15 हेलिकॉप्टर आने वाले थे, लेकिन मंगलवार सुबह तक नहीं आए। ष्टरू ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी फोन पर चर्चा कर उन्हें जानकारी दी और जरूरी मदद की मांग की। भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आग ऊपर की मंजिलों में थी और वहां पर ज्वलनशील सामग्री थी, इसलिए इतना समय लग गया।

### ● तीन विभागों के दस्तावेज जलकर राख हुए

सतपुड़ा भवन में कई विभागों के दफ्तर हैं, जिनमें रखे दस्तावेज जलकर राख हो गए। चौथी मंजिल पर हेल्थ डिपार्टमेंट की शिकायत शाखा है। यहां श्वह्रङ्ख और लोकायुक्त में कर्मचारियों-अधिकारियों के खिलाफ की गई शिकायतों और जांच के दस्तावेज रखे थे। 12 हजार से ज्यादा फाइलें खाक हो चुकी हैं। इनमें ज्यादातर फाइलें चिकित्सा विभाग से संबंधित थीं।

# इंदौर में 90 से ज्यादा आधार केंद्र कर दिए बंद

## उधर सरकार ने जारी किए आधार अपडेट करने के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चुनावी साल में मध्य प्रदेश सरकार ने कई सरकारी योजनाओं में आधार कार्ड जरुरी किया है। सभी जिलों में दस साल पुराने आधार कार्ड अपडेट करने के निर्देश जारी किए है, लेकिन अब इतने आधार कार्ड केंद्र ही नहीं बचे, जहां लोग करेक्शन करा सके। इंदौर में 25 लाख से ज्यादा लोगों के पास आधार कार्ड है। पहले 180 से ज्यादा आधार केंद्र थे, लेकिन अब सिर्फ 90 केंद्र ही बचे है। वहां भी आधार कार्डों को अपडेट कराने में आनाकानी की जा रही है। कई आधार कार्ड केंद्र पर भीड़ देखी जा सकती है और लोगों को घंटों तक कतार में खड़े रहना पड़ रहा है।



प्रदेश के विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव ने सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किए है कि वे दस साल पुराने आधार कार्डों को अपडेट कराए। इसके लिए आनलाइन सुविधा भी दी है, लेकिन ज्यादातर लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे है,क्योंकि ज्यादातर समय तो पोर्टल की लिंक ही फेल हो जाती है। आधार सेवा केंद्र पर अपडेट का शुल्क लिया जा रहा है। **आदेश का पता नहीं, नए कार्ड नहीं बन रहे-** आधार कार्डों को लेकर जो आदेश जारी होते है, उनकी जानकारी केंद्रों पर नहीं रहती है। नए कार्ड के लिए स्कूल का पत्र पहले मान्य किया गया था, लेकिन अब नगर निगम जन्म प्रमाण पत्र का दस्तावेज लगाने पर ही नया कार्ड बन पा रहा है। जानकारी के अभाव में लोग कतार में लगकर आधार कार्ड की प्रक्रिया कराते है, लेकिन गलत डाक्यूमेंट का हवाला देकर आधार कार्ड जनरेट ही नहीं होता।

### आनलाइन अपडेट की सुविधा भी छिनी

आधार केंद्र वेंडर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरदीप सिंह अरोरा ने बताया कि पहले आधार कार्ड में आनलाइन बदलाव की सुविधा भी थी। लोग पोर्टल पर खुद बदलाव कर सकते थे, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल होने पर यह सुविधा बंद कर दी गई। इस वजह से आधार सेवा केंद्र पर भीड़ बढ़ने लगी है। लाड़ली बहन योजना में आधार कार्ड की अनिवार्यता के कारण सेवा केंद्रों पर काफी भीड़ रही। सरकार को सेवा केंद्रों की संख्या बढ़ाना चाहिए, लेकिन इंदौर में सिर्फ 90 केंद्र ही बचे है। वेंडरों को भी धीरे-धीरे हटाया जा रहा है।

# दुकानों के बाहर कचरा फैला दिखा तो नगर निगम वसूलेगा जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में दुकानों के बाहर कचरा फैला मिला तो खैर नहीं। अब नगर निगम इस मामले में सख्ती बरतेगा। जिस दुकान के बाहर कचरा फैला दिखा, उससे जुमार्ना वसूला जाएगा। इस मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था जांचने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव सोमवार सुबह निरीक्षण पर निकले। सियागंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के आसपास कचरा और गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि दुकानों के बाहर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करें।

### सुबह दौरे पर निकले महापौर

महापौर ने अपने दौरे की शुरूआत सियागंज क्षेत्र से की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक शौचालय एवं सार्वजनिक मुत्रालय की सफाई व्यवस्था, क्षेत्र में लगे पानी के प्याऊ में वाटर कूलर के साथ ही जल निकासी की व्यवस्था आदि की जांच की। उन्होंने ड्रेनेज लाइन और स्टार्म वाटर लाइन की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण हटाने, फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

### महापौर ने ये निर्देश भी दिए

महापौर ने क्षेत्र में स्थित सीटीपीटी पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था करने, कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही टूटे-फूटे लिटरबिन को सुधारने और बदलने, सार्वजनिक प्याऊ, सीटीपीटी के बाहर सूचना बोर्ड लगाने और अवैध होर्डिंग हटाने को भी कहा।

### सरवटे बस स्टैंड पर सफाई रखने के निर्देश

महापौर ने सरवटे बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां लगे प्याऊ से अनावश्यक पानी निकालने और समुचित सफाई करने, परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय के बाहर बह रहे पानी को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के बाहर इस प्रकार से सफाई व्यवस्था मिलने से इंदौर आने वाले यात्रियों के मन में इंदौर की स्वच्छता के प्रति भाव बदल जाता है।

# ग्रीष्मावकाश समाप्त, न्यायालयों में शुरू हुआ नियमित कामकाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **करीब एक महीने बाद हाई कोर्ट, जिला कोर्ट की रौनक सोमवार से फिर लौट आई। 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत थी। इसके तुरंत बाद न्यायालयों में ग्रीष्मावकाश शुरू हो गया था जो सोमवार यानी 12 जून को समाप्त हो गया। ग्रीष्मावकाश में सूना नजर आ रहा जिला न्यायालय परिसर अब सोमवार से एक बार फिर वकील और पक्षकारों से गुलजार हो गया।**

इधर हाई कोर्ट में भी नियमित सुनवाई शुरू हो गई। ग्रीष्मावकाश के दौरान सिर्फ सोमवार और गुरुवार को ही सुनवाई हो रही थीं। इनमें भी सिर्फ अर्जेंट मामले ही सुने जा रहे थे। जिला न्यायालय में 80 से ज्यादा न्यायालय लगते हैं। कहने को ग्रीष्मावकाश में आपराधिक मामलों की नियमित सुनवाई जारी रहती है लेकिन वकीलों के शहर के बाहर होने की वजह से इनमें भी ज्यादातर मामलों में सिर्फ तारीख आगे बढ़ती है।

### दशकों पुरानी परंपरा है

न्यायालयों में ग्रीष्मावकाश की परंपरा दशकों पुरानी है। वरिष्ठ अभिभाषकों के मुताबिक यह परंपरा आजादी के पहले शुरू हुई थी। उस वक्त ज्यादातर न्यायालयों में ब्रिटिश न्यायाधीश नियुक्त होते थे। न्यायालय कक्षों में आज की तरह अत्याधुनिक सुविधाएं भी नहीं होती थीं। यही वजह थी कि गर्मी की वजह से न्यायाधीशों के लिए काम करना मुश्किल होता था। वर्तमान में तो न्यायालय कक्ष अत्याधुनिक बन गए हैं। आवागमन भी सुगम हो गया है।

### आइस्क्रीम पार्टी के साथ हुई थी ग्रीष्मावकाश की शुरूआत

हाई कोर्ट में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मावकाश के ठीक पहले अंतिम कार्यदिवस पर आइस्क्रीम पार्टी आयोजित हुई थी। अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायमूर्तिगण भी इस पार्टी में शामिल हुए और आइस्क्रीम का आनंद लिया था। परंपरागत तरीके से आयोजित इस पार्टी का आयोजन हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की ओर से होता है। वरिष्ठ अभिभाषकों के अनुसार आइस्क्रीम पार्टी आयोजित करने की परंपरा भी दशकों पुरानी है। कोरोनाकाल में यह सिलसिला जरूर टूटा लेकिन अब यह फिर शुरू हो गया है।

# 16 जून से 27 जून तक दुबई में होगा कबड्डी लीग का आयोजन

### देश की आठ महिला टीमें लेंगी भाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। वुमंस कबड्डी लीग के सीईओ प्रदीप कुमार नेहरा ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और हमारे स्वदेशी खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से वुमंस कबड्डी लीग का आयोजन दुबई में 16 जून से 27 जून के बीच किया जा रहा है। इसमें पूरे देश से आठ टीमें हिस्सा लेगी जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, बंगाल, पंजाब ,राजस्थान, कर्नाटक और दिल्ली शामिल हैं। दुबई में होने जा रहे इस वूमंस कबड्डी लीग का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स एवं यूरो स्पोर्ट्स पर किया जाएगा दिल्ली के ब्रांड एंबेसडर जाने-माने एक्टर गोविंदा है। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि वुमंस कबड्डी लीग के द्वारा बहुत अच्छा इनीशिएटिव लिया है मैं आपसे आग्रह करूंगा कि इस वुमंस कबड्डी लीग का अगला सीजन आप इंदौर में आयोजित करें। आपको जिस भी तरह की सुविधाएं चाहिए होंगी उसमें हम हर संभव मदद करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि वुमंस कबड्डी लीग के आयोजक प्रदीप नेहरा एवं समस्त सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन दुबई में किया जा रहा है, जो अपने आप में बहुत मायने रखता है, देश की महिला खिलाड़ियों को एक अच्छा एक्सपोजर मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कहा कि अपने हुनर, जोश और जुनून से हमारे युवा खिलाड़ी दुबई में इतिहास रच के आएंगे, आप सिर्फ खेलों पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर न्यू इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप जैसे खिलाड़ी ये साबित कर रहे हैं कि भारत का कोना-कोना खेल प्रतिभाओं से भरा है। 2014 से पूर्व हम अंतरराष्ट्रीय खेल और खिलाड़ियों को देखा करते ट्रेन गेम से मनोरंजन भी होता था पर एक अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं था। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के आने के बाद खेलों के महत्व को समझा गया है। आज ओलंपिक- पैरा ओलंपिक दोनों में हमारे देश के खिलाड़ी मेडल लेकर आ रहे हैं और भारत का नाम विश्व में ऊंचा कर रहे हैं। हॉकी लीग में शामिल होने वाली सभी धाकड़ बेटियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।




# कलेक्टोरेट में तम्बाकू पर बैन

**● सेवन करने वालों से वसूलेंगे फाइन; 14 जून को कर्मचारियों के डेंटल चैकअप के लिए कैम्प**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर कार्यालय को तम्बाकू मुक्त कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर कार्यालय में तम्बाकू के सेवन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाएगा। तम्बाकू का सेवन करते पाए जाने पर संबंधितों से फाइन वसूला जाएगा। इसे लेकर सोमवार को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ यहां 14 जून को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के डेंटल चैकअप के लिए फ्री कैम्प भी लगाया जाएगा। दोपहर को कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की अध्यक्षता में संपन्न एक बैठक में यह जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा, अभय बेड़ेकर,राजेश राठौर, सपना लोवंशी, आर.एस. मंडलोई, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.देशराज जैन, बैजनाथ मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की माया पांडे सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के दांतों परीक्षण के लिए 14 जन को फ्री कैम्प लगाया जा रहा है। सभी से आग्रह किया गया है कि अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दांतों का परीक्षण करवाकर फ्री इलाज करवाएं।

भाजपाइयों में मारपीट मामला

# शुभेंद्र गौड़ व नयन सनी को मोर्चा से हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों में दो दिन पहले एक ढाबे पर हुए झगड़े के बाद हाईकमान एक्शन में आ गया है। प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार के निर्देश पर प्रदेश मंत्री शुभेंद्र गौड़ और भाजयुमो के विशेष आमंत्रित सदस्य नयन सोनी को पद से हटा दिया गया है।

इन पर प्रदेशाध्यक्ष पंवार के इंदौर प्रवास के दौरान मोर्चा नगराध्यक्ष सौगात मिश्रा से मारपीट करने के आरोप हैं। इसका वीडियो भी सामने आया था जिसमें ढाबे पर मारपीट और अफरातफरी साफ दिख रही है। प्रदेशाध्यक्ष पंवार के सामने ही पूरा घटनाक्रम हुआ था। विवाद में कांग्रेस की भी एंट्री हो गई है, उसने कहा कि यह विवाद डेढ़ करोड़ की उगाही के बंटवारे का है।

सूत्रों ने बताया कि सौगात मिश्रा पर हमले के प्रदेश मंत्री गौड़ और सोनी से स्पष्टीकरण मांगा गया था लेकिन उनकी दलीलों से हाईकमान संतुष्ट नहीं हुआ है। इसी के बाद यह एक्शन लिया गया है। सभी पदों से मुक्त करते हुए आदेश में कहा गया है कि आपके और आपके कार्यकतार्ओं द्वारा आपसी तनाव और विवाद जो वीडियो सामने आया है, उससे पार्टी छवि खराब हुई है। यह अनुशासनहीनता है। घटना भंवरकुआं क्षेत्र में स्थित ज्ञानी जी के खालसा ढाबे पर शनिवार शाम हुई थी। मारपीट के दौरान भाजपा कार्यकतार्ओं ने ढाबे में भी जमकर तोड़फोड़ की थी। इस दौरान वहां मौजूद मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार का कुर्ता भी फाड़ दिया। विवाद की खबर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तक भी पहुंची है। हटाए गए गौड़ भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के भतीजे हैं जबकि अध्यक्ष सौगात मिश्रा विरोधी खेमे के माने जाते हैं।

## यह है मामला

शनिवार शाम भंवरकुआं चौराहा स्थित ज्ञानीजी का खालसा ढाबे पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार साथ बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5 से 6 बजे के आस पास शुभेंद्र गौड़ अपने समर्थकों के साथ प्रदेशाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान विवाद हो गया और उन्होंने सौगात मिश्रा के साथ मारपीट शुरू कर दी। शुभेंद्र के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। बीच-बचाव में आए प्रदेशाध्यक्ष के साथ अभद्रता कर कथित मारपीट की गई।

## डेढ़ साल से चल रही है खींचतान

शुभेंद्र गौड़ और सौगात मिश्रा दोनों पक्षों में राजनीतिक वर्चस्व व संगठनात्मक खींचतान है। यह खींचतान सौगात मिश्रा को नगर अध्यक्ष बनाने के दौरान ही शुरू हो गई थी। इसके पूर्व मिश्रा नगर मंत्री और उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वह प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, सांसद शंकर लालवानी और वरिष्ठ नेता मधु वर्मा के नजदीकी है। इस पद के लिए उन्हें समर्थन भी मिला था। दूसरी ओर शुभेंद्र गौड विधायक मालिनी गौड़ के भतीजे हैं। गौड़ इसके पूर्व अखिल भारतीय और विद्यार्थी परिषद में प्रांतीय सह मंत्री रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें युवा मोर्चा में प्रदेश महामंत्री बनाया गया था।




बड़वानी से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक चलेगा क्रूज

# सांसद ने कहा- 135 किलोमीटर दूरी होगी तय, एक साथ 24 लोग कर सकेंगे यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी**। बड़वानी प्रदेश में पर्यटकों और जल पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की कवायद में नर्मदा नदी में क्रूज की सवारी कराने की तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने बताया कि सरदार सरोवर के बैक वाटर पर बड़वानी से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तक छोटे जहाज चलाने के लिए मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2 साल पहले एक मांग पत्र सौंपा था, और उस मांग पत्र को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि बहुत अच्छा काम है। इसे हम करेंगे उसी के संदर्भ में मध्यप्रदेश के बड़वानी से केवडिया (गुजरात) स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक नर्मदा नदी में क्रूज का संचालन किया जाएगा। क्रूज नर्मदा में 135 किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

### जैव विविधता से रूबरू हो सकेंगे पर्यटकः सांसद

राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को इस सिलसिले में अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की है। प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए रिवर क्रूज टूरिज्म का भी उपयोग किया जाएगा। इससे पर्यटक नर्मदा नदी के आस-पास उपलब्ध प्राकृतिक सौंदर्य और जैव-विविधता से रूबरू हो सकेंगे। नर्मदा नदी में मप्र के बड़वानी जिले से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक क्रूज का संचालन शुरू किया जाएगा। बरगी से मंडला तक भी क्रूज का संचालन शुरू होगा।

### जल शक्ति मंत्रालय की एजेंसी से सर्वे कराया जा चुका सर्वे

केंद्रीय आयुष मंत्री सवार्नंद सोनोवाल, प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रामकिशोर कांवरे, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला सहित भारतीय अंतदेर्शीय जल मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। पिछले साल क्रूज संचालन को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की एजेंसी से सर्वे कराया जा चुका है। इसकी रिपोर्ट मप्र पर्यटन बोर्ड को सौंप दी गई है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद बोर्ड ने नर्मदा में क्रूज संचालन के संबंध में आगे कदम बढ़ाया है।

### क्रूज में एक साथ 24 लोग कर सकेंगे यात्रा

राज्यसभा सांसद ने बताया कि क्रूज में जाने वालों को आसपास के पर्यटन स्थल और आदिवासी गांवों का भ्रमण कराया जाएगा। एक साथ 24 लोग यात्रा कर सकेंगे। क्रूज दिन में 8-10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इसमें एंटरटेनमेंट हॉल, लंच-डिनर की सुविधाएं रहेंगी।

# टायर फैक्ट्री में हादसा, छह कर्मचारी बुरी तरह झुलसे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर। खरगोन जिले के महेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काकरिया में सोमवार को अज्ञात कारणों से एक टायर फैक्ट्री में काम कर रहे 6 कर्मचारी आग में झुलस गए। ग्रामीणों की मदद से तुरंत घायलों को धामनोद अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका उपचार जारी है। फैक्ट्री में काम करने के दौरान बॉयलर को खोलने से कर्मचारी आग की चपेट में आ गए थे।**

गुजरी के समीप ग्राम कांकरिया में कई सालों से टायर फैक्ट्री संचालित हो रही है। प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह से कर्मचारियों ने पहुंचकर अपना काम चालू कर दिया। काम करते समय करीब 11 बजे अचानक से समय से पहले बॉयलर को खोलने से अचानक आग निकली और वहां काम कर रहे 6 कर्मचारी उसी आग की चपेट में आ गए। वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना लगते ही महेश्वर एसडीओपी मनोहरसिंह गवली, तहसीलदार राकेश सस्तिया, थाना प्रभारी पंकज तिवारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

### ये हुए घायल-

हादसे में कैलाश मांगीलाल आशापुर मनावर, नानूराम निवासी बढ़किया, भीम पिता कालू आशापुर मनावर, प्रकाश पिता रूमार बेकलियापूरा, नब्बू पिता मोहन मक्सी, धरमराज पिता प्रताप राजस्थान झुलस गए हैं। घायलों का धामनोद सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

# एक नाबालिग, एक युवक, दो बार अपहरण और रेप

## फिल्मी स्टाइल में दूसरी बार घर से उठा ले गए, पिता-पुत्र गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। जिले के विजयपुर इलाके में तीन वर्ष के भीतर एक नाबालिग का दो बार अपहरण करने का मामला सामने आया है। पिछले मामले में आरोपी जमानत पर है। वह नाबालिग की परिवार पर राजीनामे का दवाब बना रहा था। परिवार वालों ने राजीनामा नहीं किया तो एक बार फिर दिनदहाड़े आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर नाबालिग का दोबारा अपहरण कर लिया। उसे शादी करने की नियत से वह उठा ले गए। वह उसे ग्वालियर ले गए और उसके साथ फिर रेप किया। पुलिस ने नाबालिग को बरामद करने के बाद इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में यह संभवतः पहला मामला है जब एक ही युवक ने उसी नाबालिग लड़की का दो बार अपहरण किया और उसके साथ रेप किया**

विजयपुर इलाके के रहने वाले एक युवक ने थाने में बताया कि बुधवार को वह और उसकी 17 वर्षीय बहन घर पर ही थे। उसके मां और पिता राघोगढ़ गए हुए थे। सुबह लगभग 11:30 बजे बाइक से तीन लड़के उंसके घर पर आए। एक को वह पहचानता था। वह रामनगर का रहने वाला अनिकेत यादव था। वह तीनो उंसके घर में घुसे और उसकी बहन को शादी करने की नीयत से खींचकर ले गए। तीनों लड़के उससे बोले कि अगर वह चिल्लाया तो उसे जान से मार देंगे। इस कारण वह नहीं चिल्लाया। वे तीनों उसकी बहन को उठाकर ले गए। उसने अपने माता-पिता को कॉल कर सारी बात बताई। माता-पिता के घर आने पर सभी लोग थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

राकेश कुमार सगर ने बताया कि विजयपुर थाना क्षेत्र से नाबालिग के इस तरह से अपहरण के मामलों को गंभीरता से लिया। विजयपुर पुलिस लड़की की तलाश में लगी हुई थी। इसी बीच पुलिस को उसके ग्वालियर में होने की जानकारी लगी। शनिवार को विजयपुर थाने से पुलिस की एक टीम ग्वालियर पहुंची। यहां पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया।

### चार आरोपी गिरफ्तार-

लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गयी। विजयपुर थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपियों की तलाश में लगातार दबिशें दी गईं। रविवार को पुलिस ने चार आरोपियों। को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनिकेत(23) पुत्र रघुवीर सिंह यादव, उसके पिता रघुवीर सिंह(50) पुत्र तोरन सिंह यादव निवासी ग्रामरामनगर, राहुल उर्फ गोलू(23) पुत्र चतर सिंह मीना निवासी ग्राम उमरिया चक थाना कुम्भराज और अजय(20) पुत्र बब्लू रजक निवासी ग्राम डोंगर थाना विजयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अनिकेत को लड़की के अकेले होने की जानकारी देने वाला देवेंद्र राजपूत निवासी ग्राम रूसल्ली खुर्द थाना आरोन फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कार लेकर घुसे युवक

## बफर क्षेत्र में कार के गेट पर बैठकर तीन कारों से घूमते रहे युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया**। बाघों के गढ़ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नियमों की अनदेखी कर चार पहिया वाहन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगल में घूम रहे थे। इसका वीडियो सामने आने के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन जांच में जुट गया है। गाड़ियों के नंबर के आधार पर गाड़ियों की तलाश की जा रही है। कार में सवार युवक कार के गेट और उसके सेक्शन को खोलकर खड़े होकर घूमते दिखाई दे रहे हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रविवार को सोशल मीडिया में 3 चार पहिया वाहन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों में नियमों की अनदेखी कर घूम रहे थे। इसकी जानकारी टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी को लगी और अधिकारियों ने तुरंत जांच के निर्देश दे दिए और वीडियो को भी जांच में ले लिया।

वीडियो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर क्षेत्र का बताया जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के सहायक संचालक सुधीर मिश्रा ने बताया कि वीडियो की जानकारी आई है। जांच की जा रही है। जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

● सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने दिया विवादित बयान

# राम जन्मभूमि आंदोलन का जिक्र कर बोलीं- हम उस वक्त पूरी तैयारी से गए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल से बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। अयोध्या में हुए राम जन्मभूमि आंदोलन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ह्यउस वक्त भयंकर कफ्र्यू लग गया था। लोगों ने कहा- नारे मत लगाना, पुलिस पकड़ लेगी। हमने वहीं जोर-जोर से नारे लगाने शुरू कर दिए ...जब काटे जाएंगे, तब राम-राम चिलाएंगे।

प्रज्ञा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में ह्यलोक परंपरा में श्रीराम विषय पर दो दिवसीय (11 जून और 12 जून) संगोष्ठी में शामिल हुई थीं। उन्होंने अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा, ह्यहम लोगों ने उसे खोद कर हटाया। इसके बाद गारे की दीवार खड़ी की। उसी के ऊपर टेंट लगाया। इन सब में हमारी भूमिका थी, ये हमारा सौभाग्य है। हम उस वक्त पूरी तैयारी के साथ गए थे। सांसद ने आगे कहा, हमारे पिता जी ने कहा था कि लौटने का लोभ मन में नहीं रखना। समर्पित होकर जाओ। तुम राम जी की हो। हम सोच-विचार कर गए थे कि जो कर्म करेंगे, वो राम जी का और अगर चले गए तो भी राम जी के लिए। वापस आए तो कफ्र्यू लग गया था। रास्ते में लोगों ने कहा- नारे मत लगाना प्रज्ञा जी...। मैंने कहा क्यों? लोगों ने कहा- पुलिस पकड़ लेगी। हमने वहीं जोर जोर से नारे लगाने शुरू कर दिए।

# सड़क हादसे में कांग्रेस नेता का निधन

## नर्मदापुरम में हरदा स्टेट हाइवे पर पलटी गाड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम हरदा स्टेट हाईवे पर डोलरिया के मंगवारी के पास सड़क हादसे में कांग्रेस नेता अक्षय दीक्षित का निधन हो गया। घटना रविवार रात 10 बजे हुई। गाड़ी में कांग्रेस नेता अक्षय, माखननगर बीएमओ डॉक्टर रोहित शर्मा, अन्य एक व्यक्ति बैठे थे। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल 100 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। गाड़ी से बाहर निकालकर घायलों को पहले नर्मदा अस्पताल ले गए। वहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया। हादसे में अक्षय दीक्षित का निधन हो गया। बीएमओ रोहित समेत अन्य एक साथी घायल है। डॉ. रोहित का पांडे अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस के मुताबिक कांग्रेस नेता अक्षय दीक्षित, बीएमओ डॉक्टर शर्मा और अन्य एक साथी एक शादी समारोह में शामिल होने सिवनी मालवा जा रहे थे। रात करीब 10 बजे नर्मदापुरम हरदा स्टेट हाईवे पर डोलरिया थाना अंतर्गत ग्राम मंगवारी के पास गाड़ी पलटने के चलते हुआ हादसा। अक्षय दीक्षित के निधन की सूचना मिलते है शहर में शोक की लहर छा गई। रात में शहर के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंचे। उनके निधन से हर व्यक्ति दुःखी है। अक्षय के शव की अंतिम यात्रा सुबह 9.30 बजे निजी निवास सर वाइट के स्कूल के सामने औद्योगिक क्षेत्र से निकलेगी। राजघाट पर अंतिम संस्कार होगा।

अक्षय दीक्षित के पास मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सोशल मीडिया एंड आईटी सेल के प्रदेश महासचिव का प्रभार था। उनके पिता अरुण दीक्षित वरिष्ठ कांग्रेसी है।

### हादसे की पुलिस ले रही डिटेल

फिलहाल में गाड़ी पलटने की जानकारी सामने आई है। हादसे की पूरी डिटेल पुलिस ले रही है। दो अन्य लोग घायल हैं। अभी बयान नहीं हो पाए हैं।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## जहां भी आपको लगे कि आपकी जरुरत नहीं है, वहां खामोशी से खुद को अलग कर लेना चाहिए।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष



### मुद्राराक्षस

**(जन्म- 21 जून, 1933, लखनऊ; मृत्यु- 13 जून, 2016)** भारत के प्रसिद्ध लेखक, उपन्यासकार, नाटककार, आलोचक तथा व्यंग्यकार थे। उनके साहित्य का अंग्रेजी सहित दूसरी भाषाओं में भी अनुवाद हुआ है। वे अकेले ऐसे लेखक थे, जिनके सामाजिक सरोकारों के लिए उन्हें जन संगठनों द्वारा सिक्कों से तोलकर सम्मानित किया गया था। कहानी, कविता, उपन्यास, आलोचना, नाटक, इतिहास, संस्कृति और समाज शास्त्रीय क्षेत्र जैसी अनेक विधाओं में ऐतिहासिक हस्तक्षेप उनके लेखन की बड़ी पहचान है। मुद्राराक्षस का जन्म 21 जून, सन 1933 में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के पास बेहटा नामक गाँव में हुआ था। उनका मूल नाम सुहास वर्मा था। उन्होंने 1950 के आसपास से लिखना शुरू किया था।

## संपादकीय

### भ्रामक व एकांगी तस्वीर परोसी जा रही

धारावाहिकों के जरिये भारतीय नारी की भ्रामक व एकांगी तस्वीर परोसी जा रही है। आधी आबादी को पूरी तरह दिखाए जाने के स्थान पर मात्र नवधनिक वर्ग की महिलाओं को पेश किया जा रहा है। स्त्री जीवन पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव पर मैत्रेयी पुष्पा खुली खिड़कियां में लिखती हैं, 'ऊबी स्त्रियों को देखकर वे औरतें क्या सोचें, जो बस में लटककर कारखाने या दफ्तर जाती हैं। दिन-भर खटकर लौटने के बाद चौका-चूल्हा देखती हैं। हाट-बाजार से आटा और नमक लाती हैं। काश! इन सीरियलों में दास-दासियों के ही चित्रण होते, तो कुछ राहत होती और आत्महत्या कर लेने जैसी जहरीली इच्छा मन में नागिन की तरह न उठती।'आज के टेलीविजन धारावाहिक एकता कपूर और बालाजी टेलीफिल्म के लोकप्रिय धारावाहिक क्योंकि सास भी कभी बहू थी के कथानक से आगे ही नहीं बढ़ पा रहे। धारावाहिकों में भव्य सेट पर महिलाओं का हाई वोल्टेज ड्रामा, तड़क-भड़क, बात-बात पर अतिरेक और रोमांस है। यहां सास-बहू, ननद-भाभी और बहन की नोकझोंक को संग्राम में बदल दिया जाता है। नारि न मोहे नारि के रूपा को चरितार्थ किया जा रहा है। टूटते हुए संयुक्त परिवार को द्वेष-ईर्ष्या-हिंसा से युक्त अंतर्कलह का अड्डा बना दिया गया है, जहां एक युवक की अनेक प्रेमिकाएं एक-दूसरे से द्वेष कर रही हैं। हर पत्नी 'सौतिया डाह' में जली जा रही है स्त्रियों का सर्वाधिक समय श्रम करते हुए व्यतीत होता है। उनके समक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की चुनौतियां हैं। स्वावलंबी युवतियों की सकारात्मक छवि और उनके जीवन की मूलभूत समस्याएं समाज के सामने नहीं आ पा रहीं। सीरियलों की स्त्रियां सज-धजकर परिवार के छोटे संस्कार को भी उत्सव की तरह मना रही हैं। भोग-विलास में डूबी महिला को दिखाने के साथ गरीब, सामान्य और मध्यवर्ग की स्त्रियों के संघर्ष और समस्या को भी स्थान देना चाहिए। इससे कहानी में वैविध्य आएगा और रोचकता बढ़ेगी। पर यहां उच्च वर्ग की स्त्रियों का प्रभुत्व है, जो डिजाइनर साड़ी पहन, आभूषणों से लदकर प्रेमी-पति को पाने के लिए दिन-रात षड्यंत्र में लिप्त हैं। पति की जासूसी करना उनका एकमात्र कार्य है। पति, पुत्र और संपति को अपने कब्जे में रखने के लिए वह पूरे मेकअप में रोती- बिलखती, बेचैन दिखाई जाती हैं।टेलीविजन धारावाहिकों में संघर्षशील युवती दुर्लभ है। पशुपालन-खेतीबाड़ी, घरों में दाई व नर्स, छोटे भाइयों की देखभाल करती, परिवार के काम में हाथ बटाती, करिअर बनाने के लिए पढ़ाई करती लड़कियों की दृश्यावलियां खोजे नहीं मिलतीं। हां, ऐसी आधुनिक आकर्षक युवतियों की भरमार है, जो जीवन में शिक्षा व स्वावलंबन से अधिक प्रेम व शादी की गतिविधियों में मशगूल रहती हैं। उत्तर आधुनिक युवती भी परंपरागत भारतीय नारी की तरह पति और बेटे के लिए सारे व्रत रखती है, बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन करती है। परिवार पर ज्यों ही कोई संकट आता है, उससे निपटने के लिए वह भगवान की शरण में चली जाती है।

**अर्ज़ किया है..!**

*इस कड़ी धूप में*
*साया कर के*
*तू कहाँ है मुझे*
*तन्हा कर के*

*-नसीर तुराबी*

## Health is Wealth

### स्मार्टफोन से हैदराबाद की महिला की आंखें खराब

# क्या आप भी लेटकर देखते हैं मोबाइल ?



मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। हम टाइम देखने के लिए भी अब मोबाइल पर निर्भर हो गए हैं। स्मार्टफोन ने हमारे जीवन को आसान बनाया है इसमें कोई शक नहीं। हालांकि जरुरत से ज्यादा अडिक्शन कितना भारी पड़ सकता है, यह आपने सोचा भी नहीं होगा। हैदराबाद में 30 साल की एक महिला स्मार्टफोन की वजह से आंखों की रोशनी खो बैठी। यह समस्या उसने 18 महीने तक झेली और काफी इलाज करवाया। महिला को ठीक करने वाले डॉक्टर ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी साझा की है वो आपको डरा सकती है, लेकिन अलर्ट होना जरुरी है।

**● डेढ़ साल तक खराब रहीं आंखें**

हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर सुधीर कुमार ने लिखा, 30 साल की मंजू को दिखने में दिक्कत होने लगी। यह समस्या उन्होंने करीब डेढ़ साल तक झेली। मंजू को फ्लोटर्स (तारे जैसे), लाइट के चमकीले फ्लेशज, डार्क जिग जैग लाइन्स दिख रहे थे और कभी-कभी किसी चीज पर फोकस करने में दिक्कत आ रही थी। कभी तो ऐसा भी होता था कि वह कई सेकेंड्स तक कुछ भी नहीं देख पाती थी। ऐसा तब होता था जब वह रात में वॉशरूम के लिए उठती थी। जब आंखों के डॉक्टर ने देखा तो सब ठीक निकला फिर उन्हें न्यूरोलॉजिस्ट के पास रेफर किया गया।

**● लाइट बंद करके चलाती थीं मोबाइल**

डॉक्टर आगे लिखते हैं, जब मैंने हिस्ट्री चेक की तो पता चला कि लक्षण तब शुरू हुए जब उन्होंने स्पेशली एबल्ड चाइल्ड की देख-रेख के लिए ब्यूटीशियन की जॉब छोड़ दी। उन्हें कई घंटों तक फोन स्क्रॉल करने की आदत पड़ गई थी। इसमें 2 घंटे वो भी शामिल थे जब वह लाइट बंद करके फोन देखती रहती थीं। डॉक्टर ने बताया कि उन्हें स्मार्ट फोन विजन सिंड्रोम की समस्या निकली। कंप्यूटर, स्मार्टफोन या टैबलेट के लंबे वक्त तक इस्तेमाल से आंखों से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।

**मोबाइल से दूर होते ही ठीक हुई मंजू**

डॉक्टर सुधीर ने बताया कि उन्होंने मंजू को कोई दवा नहीं दी बल्कि स्मार्टफोन का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी। मंजू ने कहा कि वह फोन का इस्तेमाल कम करने के बजाय सिर्फ तब ही देखेंगी जब जरूरी होगा। बताया कि वह फोन मनोरंजन के लिए ही इस्तेमाल करती थीं। एक महीने के रिव्यू के बाद मंजू एकदम ठीक हो गईं। 18 महीने से जो उनकी नजर कमजोर थी वो ठीक हो गई। अब उनकी आईसाइट ठीक थी। कोई फ्लोटर्स और चमकीली रोशनी नहीं दिख रही थी। रात में उनकी अंधेरा छाने वाली समस्या भी खत्म हो गई।

**डॉक्टर ने दी यह सलाह**

स्क्रीन और डिजिटल डिवाइस लंबे वक्त तक न देखें। इससे आंखों से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। हर 20 मिनट पर 20 सेकेंड्स का ब्रेक लें। स्क्रीन पर काम करते वक्त 20 फीट की दूरी पर देखें। अगर बैठकर काम करते हैं तो बीच-बीच में ब्रेक लेना बहुत जरूरी है।

## Highlights

1. Outright lie, no one was raided or jailed: Chandrasekhar on ex-Twitter CEO's claims
2. MRF becomes first Indian stock to cross 1 lakh mark
3. India focusing on weapons which can reach targets across China: Think-tank report
4. Restaurant fined 58,000 for serving shredded cucumber without licence in China
5. A spiral staircase had SRK's pics: Meghna on shooting in Mannat
6. Apple shares end at record-high after over 1 yr, near $3-tn mcap

# Edelweiss CEO Radhika Gupta wants her child to learn '5 things about money'. What are these?

**NEW DEIHI, (Agency)** Radhika Gupta, MD and CEO, Edelweiss Mutual Fund, has put out a Twitter thread that is winning hearts on the internet. In the thread, Gupta explains five things about money she would want her child to learn first.

(1.) 'It does have a real purpose': Money, according to Gupta, helps people live their dreams, makes little and big things in life easier, adds comfort, and brings moments of joy both for individuals and for those who care for them.

(2.) 'Money cannot define you': People must, however, not let money affect their self-worth and confidence, how they are, and how they behave with others.

(3.) 'Gratitude, most important money attitude': In a family, for example, if members from each generation have more money than their respective previous generations, then this is because each generation worked hard to earn that much. One must, therefore, use they what they have, and create opportunities others never had.

(4.) 'Greed takes you down': A person must know how much money is 'enough' and never take shortcut towards it.



This is because finance, despite being one of the best-paying industries, is also where individuals fall hard because of greed.

(5.) 'Your parents earned a living managing money...': People must, however, focus on managing their biggest asset – talent – and learn to read, write, think, fall, rise, dream, create and build.

Who is Radhika Gupta?

Gupta was born to a diplomat father and was, therefore, moving to a new country 'every three years.' She lived in New York, Nigeria and even Pakistan.

Her first job was in the United States, with McKinsey, and which came after seven rejections, which, in her own words, almost drove her to suicide before a friend's intervention prevented her from taking the drastic step. In fact, she appeared for the McKinsey interview later that day and bagged the job.

In 2008, Gupta, then 25, survived that year's global financial crisis, but with the 'itch' to do something new, resigned from McKinsey, moved to India, and opened her own asset management firm with her husband and a friend. The firm was eventually acquired by Edelweiss; years later, at 33, she became Edelweiss' CEO, and was among the youngest CEOs in the country.

She is also a Vice Chair at the Association of Mutual Funds in India (AMFI) and holds World Economic Forum's (WEF) recognition as a 'Young Global Leader.'

# IndiGo co-founder's family may sell up to 8% stake worth 75 billion: Report

**NEW DEIHI, (Agency).**The family of IndiGo's co-founder Rakesh Gangwal was likely to sell between 5%-8% stake in the Indian airline's parent InterGlobe Aviation Ltd, worth upto 75 billion rupees ($909.58 million), CNBC Awaaz said in a report, citing sources.

Rakesh Gangwal and his wife, Shobha Gangwal, hold 13.23% and 2.99% respectively in InterGlobe as of March 31, while their Chinkerpoo Family Trust holds a 13.5% stake,



according to exchange data.

The Gangwal family will likely sell stake in block deals when the lock in for shares open on July 15, the report said.

Shobha Gangwal had cut her stake in the company by over 4% in February.

Interglobe Aviation and a represenatative for the Gangwal family did not immediately respond to Reuters' request for comment.

Rakesh Gangwal resigned from the company's board in Feb. 2022 and had said that he would cut his stake in the airline over five years.

Rakesh Gangwal and Rahul Bhatia, who co-founded IndiGo in 2006, fell out in early 2020 when the former sought to modify certain rules in the company's articles of association.

Shares of the company, which are up over 19% year to date, fell as much as 3.1% after the stake sale report.

## Uttarakhand

# रुड़की में हिंसा: युवक की मौत के बाद बवाल, पथराव और आगजनी में दो इंस्पेक्टर समेत पांच घायल, धारा 144 लागू

**रुड़की, (एजेंसी)** रुड़की में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने पुलिस पर पथरबाजी कर दी। इसमें दो इंस्पेक्टर, एक दरोगा समेत पांच लोग घायल हो गए। उपद्रवियों ने एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया। बवाल बढ़ने पर पुलिस ने पहले तो आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन हालात नियंत्रण में न आने पर लाठीचार्ज किया। देर शाम गांव की 10 किलोमीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी गई। देर रात जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने पथराव करने वाले करीब 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। रविवार रात सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित बेलड़ा गांव निवासी पंकज (35) बाइक से अपने गांव लौट रहा था। रात 11 बजे के करीब वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गया।



सोमवार को युवक के परिजन और ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर सरिये से हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली घेर ली। दोपहर बाद लोगों ने पुलिस से धक्कामुक्की और हाथापाई भी की। पुलिस ने लाठियां फटकारकर किसी तरह लोगों को वहां से खदेड़ा तो लोग बेलड़ा गांव पहुंच गए। हाईवे जाम करने की आशंका के चलते भारी पुलिस बल भी वहां पहुंच गया। यहां ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें दो इंस्पेक्टर, एक दरोगा घायल हो गए। घायल पुलिस अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का दावा है कि रात आठ बजे तक बवाल शांत कर लिया गया था। रुड़की के बेलड़ा गांव के लोगों ने युवक की हत्या का आरोप लगाकर सुबह कोतवाली का घेराव किया। वहां से हटे तो नगर निगम चौक में हंगामा किया। वहां से फिर गांव पहुंचे और गांव में आए पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया।

## Chhattisgarh

### 2,000 के नोटों को बदलवाना नक्सली कमांडर को पड़ा महंगा, दंतेवाड़ा में जाल बिछाकर पुलिस ने पकड़ा

**दंतेवाड़ा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक नक्सली कमांडर को 2,000 रुपये के नोटों को बदलने के दौरान गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक ये नक्सली कमांडर 2 हजार रुपये के 50 नोट यानी की एक लाख रुपये को बदलवाने की कोशिश कर रहा था.

एक लाख रुपये के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक बड़ा नक्सली कमांडर है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है. दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा



कि पुलिस को सूचना मिली थी कि माड़ (अबूझमाड़ क्षेत्र) में माओवादी प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश ने कुछ समर्थकों को दंतेवाड़ा के गीदम में मोटरसाइकिल और अन्य चीजें खरीदने के लिए भेजा था।

## New Delhi



### कार के अंदर शख्स की गोली मारकर हत्या, कत्ल के पीछे बताई जा रही पुरानी रंजिश जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में कार के अंदर एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मामले में जांच में जुटी है। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने बताया कि मृतक की शिनाख्त हो गई है और आरोपी की भी पहचान की जा रही है। यह निजी दुश्मनी का मामला लग रहा है लेकिन हर एंगल से जांच की जा रही है।

## Uttarpradesh

### यूपी में दिखी 90 के दशक वाली शादी, 30 बैलगाड़ियों पर पहुंचे 150 बाराती, 60 बैलों के साथ 4 घोड़े भी हुए शामिल

**बबेरू (बांदा), (एजेंसी)** 30 बैलगाड़ियों पर सवार तकरीबन डेढ़ सौ बाराती। सभी के सिर पर एक ही रंग की पगड़ी और पारंपरिक परिधान धोती-कुर्ता। काफिले की अगुवाई करते आगे चल रहे चार घोड़े। सभी 60 बैलों के सींगों में हरे रंग की पट्टी बंधी हुई है। सिर पर पगड़ी पहने बारातियों समेत तमाम महिलाएं नाच-गाना करते चले जा रहे हैं। सेहरा सजाए दूल्हा भी किसी लक्जरी चौपहिया की बजाय इसी काफिले में आगे चल रही बैलगाड़ी पर सवार है....वैसे तो इस तरह के दृश्य 90 के दशक में आम तौर पर देखने



को मिल जाते थे, लेकिन सोमवार को बांदा के बबेरू में शादी के लिए जा रही इस बारात को देख हर कोई आश्चर्य में पड़ गया। काफिले ने तकरीबन 14 किलोमीटर का सफर बैलगाड़ियों पर ही तय किया और जनवास पहुंचा। अगल-बगल से निकलने वाले वाहनों के पहिये भी थोड़ी देर के लिए थम रहे थे।

## खेल

# इंडोनेशिया ओपन में प्रणय की निगाह सत्र के दूसरे खिताब पर

### सिंधू के पास लय में लौटने का मौका

**जकार्ता।** फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले प्रणय टूर्नामेंट में आगे तक जा सकते हैं जिसमें विश्व बैडमिंटन के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रणय का सामना पहले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से होगा जिसके बाद दूसरे दौर में चीन के शि युकी से टक्कर हो सकती है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और 2021 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन यहां अच्छी शुरूआत की कोशिश करेंगे। सिंधू




पिछले दो टूर्नामेंटों में पहले दौर में बाहर हो गई, जबकि श्रीकांत मलयेशिया और स्पेन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। सिंधू का सामना पहले दौर में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का तुंगजुंग से होगा, जबकि श्रीकांत चीन के लु गुआंग जू से खेलेंगे।

**लक्ष्य की पहली टक्कर चीन के जिया से-** थाईलैंड ओपन सेमीफाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी चीन के ली जि जिया से होगा। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के मार्कस फर्नाल्डी गिडोन और केवन संजय सुकामुजो से होगा। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में स्विस ओपन जीता है लेकिन इस इंडोनेशियाई जोड़ी को पिछले 11 मुकाबलों में हरा नहीं सके हैं। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला का सामना मलयेशिया के ओंग यू सिन और तियो इयि से होगा।

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल पहले दौर में चीन की वांग झियि से खेलेगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की रिन इवानागा और की नकानिशि से होगा। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर छह स्तरों पर खेला जाता है जिनमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट हैं।

## सिनेमा

### बॉक्स ऑफिस पर पैसा छापने में कामयाब हुई 'गदर', जानें 'बाहुबली' से क्यों हो रही है तुलना




सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'गदर 2' जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हालांकि, 'गदर 2' से पहले मेकर्स ने 'गदर' की यादें ताजा करने के लिए एक बार फिर सिनेमाघरों में 'गदर' को रिलीज कर दिया है। बता दें, साल 2001 में आई 'गदर' आज भी बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखा रही है। जी हां, 'द केरल स्टोरी' और 'जरा हटके जरा बचके' की मौजूदगी के बावजूद फिल्म वीकेंड पर पैसा छापने में कामयाब रही। आइए जानते हैं फिल्म की तीन दिन की कमाई के बारे में।

शुक्रवार के दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और फिल्म ने 45 लाख रुपये का कारोबार किया। यानी दो दिन में फिल्म ने 75 लाख रुपये का कलेक्शन किया। अब तीसरे दिन की बात करें तो पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रविवार के दिन 55 लाख रुपये की कमाई की है। यानी तीन दिन में सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म ने 1.30 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।

डे 1: 30 लाख रुपये, डे 2: 45 लाख रुपये, डे 3: 55 लाख रुपये, कुल: 1.30 करोड़ रुपये

यूं देखने में तो यह कमाई काफी कम लग रही है लेकिन, री-रिलीज हुई अन्य फिल्मों के कलेक्शन की तुलना में 'गदर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अच्छा साबित हुआ है।

# ठेकेदार को लगा करंट, मौत

## ● दूसरी मंजिल पर बिजली के खुले तार को छूने से हादसा, कोलकाता ले जाएंगे शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना में एक ठेकेदार की करंट लगने से मौत हो गई। उसने बिजली के तार को छू लिया था। जिसके बाद वह गश खाकर नीचे गिरा। उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

पुलिस के मुताबिक 35 साल के ओहदुल्ल उर्फ लोलटू इस्लाम निवासी फरीद बाग कॉलोनी खजराना इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में ठेकेदारी कर रहा था। सोमवार को काम के दौरान उसे करंट लग गया। साथ में काम कर रहे मजदूर और अन्य लोग सोमवार शाम 7 बजे उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दोस्त शार्दुल शाह ने बताया कि ओहदुल्ल मकान की दूसरी मंजिल पर प्लास्टर की तैयारी कर रहा था। वहां बिजली का तार लगा था। ओहदुल्ला ने उसे हटाने के लिये पकड़ा और करंट लगते ही नीचे गिर गया। पुलिस लापरवाही को लेकर जांच की बात की जा रही है।

**कोलकाता ले जाएंगे शव-** दोस्तों के मुताबिक ओहदुल्ल मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला है। वहां उसकी पत्नी और दो बच्चे व मां है। ओहदुल्ल 20 जून को अपने घर जाने वाला था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी से बात हुई थी। बताया था कि 29 को ईद पर वह कोलकाता आएगा। दोस्तों के मुताबिक मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को कोलकाता ले जाएंगे।

# पड़ोसी ने कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** घर से सामने बाइक खड़ी करने की बात पर हुए विवाद में पड़ोसी ने ईंट से हमलाकर घायल कर दिया। थाना एरोड्रम पुलिस के मुताबिक गुंजा सोलंकी निवासी श्रीराम नगर की रिपोर्ट पर गणेश पुरी और निकिता गोस्वामी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं रोड़ पर बाइक खड़ी कर पडोसी निकिता गोस्वामी के घर के सामने खड़ा था। मैंने उसे बोला कि अपनी गाड़ी हटा लो, मुझे जाना है। इसी बात पर गणेश ने गालियां दी। मैंने गालियां देने से मना किया तो गणेश ने मारपीट की। मेरी बेटी साक्षी ने बीच-बचाव किया तभी निकिता भी आ गई और उसने साक्षी के साथ मारपीट की। इस दौरान गणेश ने ईंट से मुझ पर वार कर दिया।

**पशु बांधने के विवाद में पीटा-** उधर, खाली जमीन पर पशु बांधने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी ने एक युवक पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। थाना गांधी नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी अजय पिता लक्ष्मी नारायण यादव (48) निवासी बालदा कॉलोनी की रिपोर्ट पर आरोपी बबलू ठाकुर, इसका भतीजा धरम ठाकुर निवासी दिलीप नगर और अन्य एक साथी पर केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि हमारे बाड़े में काम चल रहा है। इस कारण हमने अपनी गाय-भैंस पड़ोसी की खाली जमीन पर बांध रहे हैं। आरोपी खाली जमीन में गाय-भैंसों को बांधने से मना करता है। इसी बात पर आरोपी ने गालियां दी और डंडे से हमला कर दिया। हमले में मुझे दाहिने हाथ, नाक व चेहरे पर चोट आई।

# जावरा में पकड़ाए इंदौर के तस्कर

## मंदसौर से ले जा रहे थे ब्राउन शुगर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जावरा पुलिस ने इंदौर के 2 नशे के सौदागरों को तस्करी करते हुए जावरा में पकड़ा हैं। दोनों व्यक्ति मंदसौर से ब्राउन शुगर लेकर इंदौर जा रहे थे। इसी दौरान जावरा में पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

शहर पुलिस थाना के एसआई विजयराव शेगोकर ने बताया कि इंदौर के स्कीम नबर 51 निवासी जय सिंह पिता गोपाल सिंह भाटी तथा जिन्सी चौराहा के पास रामगंज निवासी शशांक पिता योगेन्द्र तिवारी खुद भी नशे के आदी है। वे इसकी तस्करी का काम भी करते हैं। दोनों आरोपी मंदसौर से ब्राउन शुगर लेकर इंदौर जा रहे थे?। दोनों बिना नंबर की बाइक पर सवार थे।

पुलिस ने रोका व पूछताछ कर जांच की तो उनके पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। पुलिस ने उसे जब्त कर आरोपियों पर नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8/21 में प्रकरण दर्ज किया हैं। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस पूछताछ कर नशे के सौदागरों के ठिकानों का पता लगा रही है। दोनों आरोपी इंदौर में ब्राउन शुगर की पुडिया बनाकर भी बेचते थे। उनसे पूछताछ कर अन्य जानकारी जुटा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** होस्टल की छात्राओं पर कमेंट करने की बात को लेकर हुए विवाद में युवकों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। हमले में दोनों ओर से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक आकाश पिता संजय कुमार मिश्रा मूल निवासी पलेरा जिला टीकमगढ़ की रिपोर्ट पर कार में सवार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि रविवार की शाम ब्रह्मपुरी कॉलोनी में सोशल कैफे के पास उसने कार में सवार आरोपियों को होस्टल की लड़कियों पर कमेंट करने से मना किया तो आरोपियों ने गालियां दी। जब गाली देने से मना किया तो एक आरोपी मेरे पास आया और मारपीट कर दी। फिर नुकीली चीज से मेरे चेहरे पर वार कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया प्रकरण

उधर दूसरे पक्ष की ओर से आशीष पिता ओमप्रकाश गुर्जर निवासी ग्राम खुबगांव, नेमावर जिला देवास की ओर से आरोपी आकाश मिश्रा, विपिन जैन और रोहित अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी का कहना है कि घटना कल देर रात को ब्रह्मपुरी कॉलोनी में मिली भगत कैफे के पास हुई।

# बारहवीं की छात्रा की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संयोगिता गंज इलाके में एक परिचित युवक के साथ रहने वाली 12वीं की स्टूडेंट ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवती के माता-पिता नहीं थे। घटना रविवार देर रात की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है।

पुलिस के मुताबिक 19 साल की पूजा निवासी छावनी ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि स्टूडेंट अपने परिचित युवक अंकित करार के साथ रूम पर रहती थी। अंकित और उसका दोस्त जब रूम पर पहुंचे तो उन्होंने लड़की को फंदे पर लटके हुए देखा। अंकित ने एक मैसेज भी पुलिस को दिया है। जिसमें पूजा ने पेट दर्द से परेशान होकर जान देने की बात कही है। पुलिस के मुताबिक अंकित और उसके साथी युवक ने बताया कि पूजा के माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह पहले अनाथ आश्रम में रहती थी। इसके बाद वह हॉस्टल में रहने लगी। बाद में वह अंकित के पास रहने आई थी। वह 12वीं की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक अंकित खुद को पूजा का मुंहबोला भाई बता रहा है। पुलिस का कहना है कि पूजा के पोस्टमॉर्टम के बाद रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# ट्रेनिंग में पुलिस टीम को इनवेस्टीगेशन की महत्वपूर्ण जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कोर्ट में फोरेंसिक साक्ष्यों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। कई मामलों में फोरेंसिक साक्ष्यों से ही सच्चाई साबित होती है। यदि किसी भी घटना या अपराध की इनवेस्टीगेशन में महत्वपूर्ण तथ्यों का ध्यान रखा जाए तो केस की सच्चाई सामने लाने में सहायता मिलती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम को इनवेस्टीगेशन के महत्वपूर्ण टिप्स बताने के साथ ही उन्हें ट्रैनिंग दी गई कि किसी भी दुर्घटना या अपराध होने पर किस तरह इनवेस्टीगेशन करना चाहिए।

अपराधों में त्वरित कार्यवाही व इनमें वैज्ञानिक साक्ष्यों का उपयोग कर विवेचना को और बेहतर व गुणात्मक तरीके से कर अपराधियों के विरूद्ध स त कार्यवाही करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर एवं एडिशनल कमिश्नर मनीष कपूरिया के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपायुक्त आरके सिंह के दिशा निर्देशन में सराफा विद्या निकेतन स्कूल के परिसर में नगरीय पुलिस जोन-4 के विवेचना अधिकारियों की दक्षता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा की विशेष उपस्थिति में, सहायक पुलिस आयुक्त सराफा एसकेएस तोमर,सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा बीपीएस परिहार एवं सीन ऑफ क्राइम यूनिट के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी बीएल मंडलोई द्वारा प्रधान आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के विवेचना अधिकारियों को विभिन्न दुर्घटनाओं के अपराधों में बेहतर विवेचना करने तथा उनमें फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व एवं अनुसंधान में इनका उपयोग किस प्रकार किया जाए इसके संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो एवं वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी विवेचना अधिकारियों को वाहन दुर्घटना के घटना स्थल निरीक्षण एवं विवेचना में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के साथ ही उन्हें बताया कि अपराधों में हर स्तर पर बारीकी से जांच होनी चाहिए क्योंकि इन अपराधों की विवेचना में फोरेंसिक साक्ष्य अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है अतः इन्हें सहेजने व अपराधों की विवेचना में इनका प्रयोग करने में पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए । जांच के दौरान सभी वैज्ञानिक पहलुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिये। इस दौरान घटनास्थल का डमी सीन बनाया जाकर एफएसएल अधिकारी बीएल मंडलोई ने सभी को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण के दौरान घटना स्थल की बारीकी से निरीक्षण के विषय में चर्चा की गई। सभी विवेचको को घटना स्थल निरीक्षण उपरांत कुछ सवालों के जवाब भरवाकर उनको साक्ष्य के महत्व समझाए गए। गंभीर घटना के स्थल में ध्यान रखने वाले बिंदुओं के विषय में बताया गया। भौतिक साक्ष्य एकत्रित करने एवं आरोपी को ट्रेस करने के तरीके भी समझाए गए और उन्हें अपराधों की जांच में साक्ष्यों का संकलन, घटना स्थल के निरीक्षण के समय ध्यान रखने वाली बारीकियों के बारे में भी बताया।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।